
# फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30 लिस्ट में अनीत-लक्ष्य


@aneetpadda_



अनीत पड्डा

इस साल की फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30 की लिस्ट आ गई है। इसमें 15 कैटेगरी में 30 साल से कम उम्र के लोगों को शामिल किया गया है। इसमें बिजनेसमैन, प्रोफेशनल्स, स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट से जुड़े लोग हैं। लिस्ट में बॉलिवुड से अनीत पड्डा, लक्ष्य लालवानी और अभय वर्मा का नाम भी है। अनीत को 2025 में सैयारा फिल्म से खूब पॉपुलैरिटी मिली थी जबकि यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। इसमें अहान पांडे भी थे।

लक्ष्य ने फिल्म किल से बॉलिवुड में कदम रखा था। मगर पॉपुलैरिटी उन्हें शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डेब्यू वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलिवुड से मिली। वहीं अभय की मुंज्या ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब तहलका मचाया था। इसके अलावा म्यूजिशियंस संजू राठौड़ और यशराज मेहरा ने भी इस लिस्ट में जगह बनाई है। यशराज मेहरा रैपर-राइटर हैं और एक उभरते हुए कलाकार भी हैं।



लक्ष्य

# 'असल में मैं इंट्रोवर्ट हूं, मुझे अपने घर पर रहना पसंद है'



2014 में रश्मिका मंदाना ने बेंगलुरु टाइम्स फ्रेश फेस का खिताब जीता, जिसके बाद मॉडलिंग में उनकी एंट्री हुई

रश्मिका मंदाना

CONTINUED FROM 1

रश्मिका का कहना है, 'आप मुझे नेशनल और इंटरनैशनल कार्यक्रमों में देख सकते हैं लेकिन असल में मैं एक इंट्रोवर्ट हूं। बाकी दुनिया मानती है कि मैं सबसे जल्दी घुलमिल जाती हूं और हां, पब्लिक इवेंट्स में मैं खुद को ठीक-ठाक संभाल भी लेती हूं। लेकिन जब काम खत्म हो जाता है, तब मैं बहुत कम बाहर निकलती हूं। मुझे घर पर रहना पसंद है, अपने उन करीबी लोगों के साथ, जो मुझे सच में जानते हैं। मैं पूरी तरह मानती हूं कि आपके आसपास की एनर्जी बहुत महत्व रखती है। आप स्वाभाविक रूप से उन्हीं लोगों की ओर आकर्षित होते हैं, जिन्होंने शायद आप जैसी ही मानसिक चोटों का सामना किया हो और जो आपकी तरह ही उनसे उबर रहे हों। इस साझा माहौल में हम आगे बढ़ते हैं और खुद को पूरा करते हैं। मेरी परवरिश और उसके बाद के हॉस्टल जीवन ने मुझे बेहद मजबूत और सहनशील बना दिया है।'

## 'नहीं पता नैशनल क्रश का खिताब कब मिला'

फैंस ने रश्मिका मंदाना को नैशनल क्रश का टैग भी दिया है। इस पर रश्मिका हंसती हैं और कहती हैं, 'मुझे खुद नहीं पता कि यह लेबल मुझे कब मिल गया। फैंस से मिला प्यार मुझे बहुत ही अजीज है और अगर यह टैग मुझे उनके प्यार की वजह से मिल रहा है तो मैं पूरी विनम्रता के साथ इसे स्वीकार करती हूं। मुझे यह टैग पसंद है क्योंकि यह बताता है कि उनके दिलों में मेरे लिए कितना प्यार है। लेकिन क्या मुझे इससे बंधा हुआ महसूस होता है? बिल्कुल नहीं। मेरे बारे में अभी भी लोगों को बहुत कुछ नहीं पता। सोशल मीडिया की वजह से लोगों को लगता होगा कि वह मुझे जानते हैं लेकिन जो कुछ ऑनलाइन है, वह मुश्किल से 50 फीसदी है। बहुत-सी बातें मैं अपने तक ही रखती हूं और मैं किसी भी लेबल को खुद को दायरे में नहीं बांधने देती।'

## 'भूमा की कहानी याद दिलाती है कि महिलाएं क्या-क्या सहती हैं'

उनकी पहली सोलो फिल्म द गर्लफ्रेंड उनके लिए बेहद निजी है। उन्होंने कहा, 'लंबे वक्त तक मैं यह बयान ही नहीं कर पाई कि मैं क्या महसूस कर रही हूं। लेकिन जब राहुल रविंद्रन ने स्क्रिप्ट सुनाई, तो मेरी आंखें भर आईं। उसमें ऐसे भाव और शब्द थे, जिन्हें मैं कभी समझा नहीं पाई थी। काश, मैंने यह फिल्म कम उम्र में की होती, लेकिन शुक्रगुजार हूं कि यह अब हुई।' वह आगे कहती हैं, 'मर्दानगी और बुरे व्यवहार में बहुत अंतर होता है। पुरुष होने का मतलब किसी महिला को चुप कराना या यह तय करना नहीं है कि वह कैसे बोले, क्या पहने या कैसे व्यवहार करे। भूमा जो झेलती है, वह मैं अपने सबसे बड़े दुश्मन के लिए भी नहीं चाहूंगी। यही वजह है कि मैं भविष्य में मेंटल हेल्थ से जुड़ा कुछ करना चाहती हूं। फिल्म देखने के बाद कई युवा लड़के-लड़कियों ने मुझे लिखा है कि वे भी ऐसे हालातों से गुजरे हैं।'



विजय और रश्मिका पहली बार 2018 में गीता गोविंदम में साथ नजर आए थे

> मैं कन्नड़ फिल्में करना चाहती हूं। भाषा चाहे जो भी हो, अगर कोई फिल्ममेकर मुझे ऐसी कहानी ऑफर करता है जिसे मैं ठुकरा न सकूं, तो मैं उसके साथ काम करना पसंद करूंगी



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in